# श्रद्धा और परंपरा के साथ मनाया हरछठ पर्व

**सिवनी नवभारत। संतान के सुख, अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना का पर्व हलषष्ठी बुधवार को श्रद्धा और परंपरा के साथ मनाया गया। सुबह से ही महिलाओं ने व्रत रखकर पूजा की तैयारियां शुरू कर दी थीं। घरों और पूजा स्थलों पर हलषष्ठी माता की पूजा-अर्चना कर व्रत कथा सुनी गई। महिलाओं ने संतान के मंगल और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।**

भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाए जाने वाले इस पर्व को हरछठ, हलछठ और ललही छठ के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसका संबंध भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम से है। बलराम के प्रमुख अस्त्र हल के कारण इस पर्व में हल और कृषि परंपराओं का विशेष महत्व माना जाता है।

लखनादौन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मेकदौन में बुधवार को हरछठ (हलषष्ठी) का पर्व श्रद्धा, आस्था एवं पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनाया गया।

पर्व को लेकर गांव की महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने विधि-विधान एवं पारंपरिक तरीके से हरछठ माता की पूजा-अर्चना कर अपनी संतान के सुखी, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। हरछठ पर्व के अवसर पर सुबह से ही महिलाएं पूजा की तैयारियों में जुट गई थीं। पूजन स्थल पर पारंपरिक तरीके से व्यवस्था कर महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की।

इस दौरान हरछठ माता का पूजन कर विभिन्न पूजन सामग्री अर्पित की गई तथा परिवार की सुख-शांति और संतान की खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई। पूजा के दौरान महिलाओं ने हरछठ व्रत की कथा का श्रवण भी किया। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि हरछठ पर्व का विशेष धार्मिक एवं पारिवारिक महत्व है।

यह पर्व माताओं द्वारा अपनी संतान के उज्ज्वल भविष्य, अच्छे स्वास्थ्य, लंबी आयु एवं सुख-समृद्धि की कामना के लिए श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है। गांव में आज भी इस पर्व से जुड़ी पुरानी परंपराओं और रीति-रिवाजों का पालन किया जाता है, जिससे नई पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का अवसर मिलता है।

### मेकदौन में महिलाओं ने पूजा-अर्चना, संतान की सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना



> पूजन के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को हरछठ पर्व की शुभकामनाएं दीं। सामूहिक पूजा के चलते पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय नजर आया। महिलाओं ने श्रद्धा के साथ व्रत रखकर पूजा-अर्चना की और परिवार की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर गांव की महिलाओं की उपस्थिति रही तथा सभी ने मिल-जुलकर पर्व की परंपरा को आगे बढ़ाया। ग्राम मेकदौन में मनाया गया यह पर्व ग्रामीण संस्कृति, आस्था और आपसी भाईचारे का प्रतीक नजर आया। महिलाओं द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हरछठ पर्व मनाए जाने से गांव में धार्मिक वातावरण बना रहा। हरछठ पर्व का विवरण और बढ़ाएं।

# चोरी के आरोप में पुलिस एक युवक को दबोचा

## स्कूटी की डिक्की से 85 हजार नकद और सोने के जेवर पर किया था हाथ साफ

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 2 सितंबर, शहर में स्कूटी की डिक्की से 85 हजार रुपए नकद और सोने के जेवर चोरी करने के मामले में करीब एक साल से फरार चल रहे आरोपी को देहात थाना पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। आरोपी घटना के बाद से लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बच रहा था। बुधवार को मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।**

मामले में शामिल उसका दूसरा साथी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है, जिसकी तलाश में पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। पुलिस के अनुसार, 1 सितंबर 2025 को चांदनी बांधेवार निवासी लालबाग ने देहात थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि अपनी स्कूटी को अभिषेक चौकसे के घर के सामने खड़ा किया था। स्कूटी की डिक्की में 85 हजार रुपए नकद और सोने के मंगलसूत्र की गुरिया रखी हुई थी। कुछ समय बाद जब उन्होंने डिक्की खोली तो नकदी और जेवर गायब मिले।



### किराए के मकान में छिपकर रह रहा था आरोपी

लगातार तलाश के बीच 2 सितंबर को देहात थाना प्रभारी निरीक्षक गोविंद सिंह राजपूत को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी का आरोपी हिमांशु उर्फ चीटू बेलवंशी बेलवंशी एसएलआर स्कूल के पास एक किराए के मकान में अपने दोस्त के यहां छिपकर रह रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने विशेष टीम गठित की और बताए गए स्थान पर दबिश दी। पुलिस टीम ने आरोपी को भागने का मौका दिए बिना हिरासत में ले लिया। पूछताछ में पुलिस के अनुसार आरोपी ने अपने साथी अक्षय यादव के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।

### आरोपी पर पहले से कई मामले दर्ज

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार हिमांशु उर्फ चीटू के खिलाफ पहले से ही शराब तस्करी, मारपीट, आर्म्स एक्ट और चोरी जैसे अपराध दर्ज हैं। ये मामले कुंडीपुरा, मोहखेड़ और देहात थाना क्षेत्रों में दर्ज बताए गए हैं। वहीं दूसरा आरोपी अक्षय यादव घटना के बाद से फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

घटना के बाद प्रार्थिया ने हिमांशु उर्फ चीटू और अक्षय यादव पर चोरी का संदेह जताया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू की, लेकिन लगातार प्रयासों के बावजूद दोनों आरोपियों का सुराग नहीं मिल पा रहा था।

### एक नजर में

#### ग्रामीणों ने गांव का नाम बदलने कलेक्टर से लगाई गुहार

**सिवनी।** विकासखंड केवलारी के अंतर्गत एक गांव का नाम ऐसा है कि उस गांव में रहने वाले लोग गांव के अश्लील नाम से इतने परेशान हो चुके हैं कि अब यहां के लोगों ने गांव का नाम बदलने के लिए जिले की कलेक्टर से गुहार लगाई है। ग्रामवासियों ने बताया कि वे ग्राम लोलोपार तहसील केवलारी जिला सिवनी के मूल निवासी हैं जो कि हमारे गांव का यह नाम सभी शासकीय कार्यालय व राजस्व रिकर्ड में पूर्व में दर्ज है। गांव के उक्त अश्लील नाम को लेकर हमारे गांव की महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गो को हमेशा शर्मिंदगी झेलना पड़ता है। कई बार गांव की महिलाओं को किसी कार्यालय, स्कूल, बैंक में किसी के द्वारा गांव का नाम पूछे जाने पर काफी शर्मिंदगी झेलना पड़ता है। कई बार लोग जानबूझकर गांव का नाम बार-बार पूछ कर शर्मिंदा करते हैं।

# पालतू सुकरो का हमला, खेतों में कर रही नुकसान

**छपारा नवभारत।** नगर परिषद क्षेत्र के फोरलेन बायपास से लगे खेतों में मक्के की फसल में पालतू सूअरो का जबरदस्त हमला जारी है जिससे इस क्षेत्र के किसान खासे परेशान हैं। पिछले वर्ष भी पालतू सूअरो ने खेतों में घुसकर भारी नुकसान किया था जिसको लेकर किसानों ने तहसील छपारा में भी शिकायत की थी इसके बाद भी कोई स्थाई

हल नही निकला, वहीं इस वर्ष भी किसान इन सुअरो से खासे परेशान हैं। किसानों ने बताया कि नगरीय क्षेत्र सीमा से लगे तहसील ऑफिस के पीछे लगभग आठ से दस किसानों की भूमि लगी है जिसमें छपारा नगर के पालतू सूअर दिन रात पहुंचकर मक्के की फसल को बर्बाद कर रहे हैं। विदित हो कि एक तो किसान इस वर्ष हो रही कम वर्षा से परेशान हैं वहीं जैसे तैसे फसलें खेत में खड़ी है उसको भी पालतू सूअर बर्बाद कर रही है क्षेत्र के किसान चंद्रशेखर, रामकुमार, मूलचंद, जयराम सैयाम ने हमें बताया कि हम लगातार शासन और प्रशासन से पिछले 5 वर्षों से मांग कर रहे हैं कि हमारे खेतों में लगी फसल को बचाने के लिए छपारा नगर के पालतू सूअर मालिको के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें जो कि खेतों में तैयार खड़ी फसल को काफी मात्रा में नुकसान पहुंचा रहे हैं किंतु शासन, प्रशासन का ध्यान इस पर नहीं जा रहा है किसानों ने नगर परिषद एवं तहसील में पिछले वर्ष भी इस बात की लिखित जानकारी दी थी लेकिन सूअर मालिकों के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी जो चिंतनीय है।



#### इनका कहना है

मेरे पास आज ही किसानों की लिखित शिकायत मिली है मैने पूर्व में भी उक्त शूकर मालिकों को मौखिक रूप से समझाया था किंतु उक्त लिखित शिकायत मिलने के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी।

**गीता बाल्मीकि, सीएमओ**
**नगर परिषद छपारा**

# ग्रामीण आदिवासियों ने किया चुनाव बहिष्कार का ऐलान

**उगली नवभारत।** जनपद पंचायत केवलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत बनाथर के अधीनस्थ आने वाले वनांचल के दो आदिवासी ग्राम गुरेरा माल और गुरेरा रैयत के ग्रामीणों ने आगामी समस्त चुनाव विधानसभा, लोकसभा और ग्राम पंचायत चुनाव के बहिष्कार का ऐलान किया है। ग्रामीणों का कहना है, कि पांडिया छपारा से गुरेरा माल और गुरेरा रैयत जाने वाले मार्ग पर धनई नदी पड़ती है, जो कि बरसात के समय लगभग चार माह के लिए ग्रामीणों का आवागमन अवरुद्ध हो जाता है, क्योंकि इस नदी पर आजादी के 80 वर्ष बीत जाने के बाद भी पुल का निर्माण नहीं हो पाया है, जिससे हायर सेकेंडरी स्कूल पांडिया छपारा में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण मुख्य धारा से कट जाते हैं।

अनेकों बार नदी पार करते समय विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। जान जोखिम में डालकर ग्रामीण और बच्चे नदी पार करते हैं। विदित हो कि इसी ग्राम में ढूटी बाँध जलाशय जो (ब्रिटिश गवर्नमेंट) अंग्रेजों के जमाने का निर्मित है, जो कि पर्यटन के दृष्टिकोण से आकर्षण का केंद्र और पर्यटन स्थल है, बावजूद इसके पुल निर्माण हेतु अनदेखा किया गया है। अनेक बार ग्राम पंचायत एवं वरिष्ठ कार्यालयों के माध्यम से आवेदन निवेदन करने के बावजूद भी ग्रामीणों की सुनवाई आज तक न राजनीतिक स्तर पर, न ही प्रशासनिक स्तर पर कोई सुनवाई हुई है। ग्रामीणों ने निराश होकर चुनाव बहिष्कार करने का कदम उठाना सुनिश्चित किया है। अब देखना यह होगा कि भोले भाले आदिवासी ग्रामीणों की व्यथा को सुनने के लिए स्थानीय विधायक, सांसद एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि आगे आकर इस समस्या का समाधान करने में सहयोग प्रदान करेंगे या नहीं? स्थानीय विधायक रजनीश सिंह ठाकुर एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते से आग्रह किया है, कि वे पुल निर्माण की प्रक्रिया में ग्रामीणों का सहयोग करें। यदि पुल निर्माण की दिशा में कोई कदम नहीं उठाये जाते हैं, तो चुनाव बहिष्कार करना हमारी मजबूरी होगी।



# क्या जिले के शिक्षकों को मिल पाएगा चतुर्थ समय मान वेतनमान का लाभ

सिवनी नवभारत। मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के ऐसे शिक्षक जिन्होंने 1 जुलाई 2023 को 35 वर्ष की सीमाएं पूर्ण कर ली है उन्हें चतुर्थ समय मान वेतनमान प्रदान किए जाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे जिसके द्वारा आयुक्त लोक शिक्षण भोपाल द्वारा भी सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित गया था कि शिक्षकों को शीघ्र समय मान वेतनमान प्रदान किया जाए इसके लिए सिवनी जिले मेंतत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी श्री कुमरे द्वारा आदेश प्रसारित किए गए थे किंतु लगभग चार महा बीत जाने के बाद भी शिक्षकों के प्रकरणों की जांच जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लंबित है और आज दिनांक तक शिक्षकों को चतुर्थ समय मान वेतनमान का लाभ प्रदान नहीं किया गया है विगत दिवस जिले के समस्त शैक्षिक संगठनों द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर 5 सितंबर तक आदेश प्रसारित करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से अनुरोध किया था किन्तु आज दिनांक तक आदेश प्रसारित न कर शिक्षकों के उनके वित्तीय लाभ से वंचित रखा गया है जिले के समस्त संगठन जिला शिक्षा अधिकारी महोदय से यह अनुरोध करते हैं शीघ्र समय मान वेतनमान के आदेश प्रसारित किए जाएं अन्यथा जिले के समस्त शैक्षिक संगठन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समक्ष उपस्थित होकर धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की होगी जिसमें मध्य प्रदेश शिक्षक संघ मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस एवं जिले समस्त शैक्षिक संगठन उपस्थित रहेंगे।

# आवारा पशुओं को पकड़ने की शुरुआत, पहले दिन 12 पशु गौशाला पहुंचाए




**केवलारी नवभारत।** नगर की सड़कों एवं चौक-चौराहों पर आवारा पशुओं के जमावड़े से बढ़ रही दुर्घटनाओं की समस्या को देखते हुए नगर परिषद केवलारी ने आखिरकार कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर परिषद सीएमओ चंद्र किशोर भवरे के निर्देशन में 2 सितंबर से आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान प्रारंभ किया गया। अभियान के प्रथम दिन नगर परिषद के अमले ने काऊ कैचर की मदद से 12 आवारा पशुओं को पकड़कर कामधेनु गौशाला, बगलई पहुंचाया।

नगर परिषद की इस कार्रवाई से जहां सड़कों पर आवारा पशुओं की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है, वहीं वाहन चालकों एवं नागरिकों ने भी अभियान की सराहना की है। नागरिकों का कहना है कि आवारा पशुओं के कारण लगातार दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है, ऐसे में अभियान को नियमित रूप से जारी रखा जाना चाहिए।

### अतिक्रमण पर भी कार्रवाई की मांग

नागरिकों ने नगर परिषद से आवारा पशुओं के साथ-साथ सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण और दुकानों के सामने तक फैलाए गए सामान पर भी कार्रवाई करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण आवागमन का रास्ता संकरा हो जाता है, जिससे यातायात प्रभावित होने के साथ दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है।

# आस्था, एकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश गोदड़देव में भव्यता से मना किरार दिवस

## हवन-पूजन व महाआरती के बाद भंडारा, पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 2 सितंबर, हल षष्ठी पर्व के अवसर पर बुधवार को गोदड़देव में भगवान बलराम के जयघोष गूंजते रहे। कृषि, परिश्रम और शक्ति के प्रतीक, किरार समाज के आराध्य देव भगवान बलराम की जयंती किरार समाज ने किरार दिवस के रूप में श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाई। परसगांवसर्रा स्थित गोदड़देव के शिव मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सुबह से ही समाजबंधुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सामाजिक एकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी कार्यक्रम के माध्यम से दिया गया।**

कार्यक्रम में समाजजनों ने भगवान बलराम का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर समाज की सुख-समृद्धि, खुशहाली और एकता की कामना की। मंदिर परिसर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा के उपाध्यक्ष एवं बलराम जयंती समिति के संयोजक मनेश कुमार सोलंकी ने बताया कि कार्यक्रम किरार समाज के जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे हवन-पूजन के साथ हुई। समाजबंधुओं ने हवन में आहुतियां देकर भगवान बलराम से समाज और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इसके बाद विधि-विधान से महाआरती की गई। महाआरती के दौरान मंदिर परिसर जय धरणीधर, जय बलराम और हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। धार्मिक वातावरण के बीच समाजबंधुओं ने भगवान बलराम के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। धार्मिक आयोजन के बाद मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में समाजबंधुओं और श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। आयोजन समिति के सदस्यों एवं समाजजनों ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। भंडारे के दौरान पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल नजर आया। किरार दिवस के आयोजन को केवल धार्मिक कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण से भी जोड़ा गया। दोपहर 2 बजे मंदिर परिसर के समीप समाजजनों ने पौधरोपण किया। जिसमें समी, अशोक, कदम, बदाम के पौधों का रोपण किया गया।



आयोजन समिति ने बताया कि भगवान बलराम कृषि और धरती से जुड़े आराध्य देव हैं, इसलिए उनकी जयंती पर पौधरोपण के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का संदेश देने का निर्णय लिया गया। समाजजनों ने पौधे लगाने के साथ उनके संरक्षण और देखभाल का संकल्प भी लिया। आयोजन समिति ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने की अपील की। कार्यक्रम को लेकर समाजबंधुओं में सुबह से ही उत्साह रहा। गोदड़देव मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में समाजजन पहुंचे और पूरे आयोजन में सहभागिता की। आयोजन के समापन तक धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों का सिलसिला जारी रहा। कुल मिलाकर किरार दिवस का आयोजन आस्था, सामाजिक एकता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

# शहर में पैदल पेट्रोलिंग : मॉडिफाइड सायलेंसर वाली 05 बुलेट सहित 12 वाहनों पर कार्यवाही

**सिवनी नवभारत।** यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने एवं आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने हेतु पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के कुशल नेतृत्व, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी सिवनी चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में कोतवाली एवं यातायात पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

कोतवाली एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा शहर के प्रमुख भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों नगरपालिका चौक, नेहरू रोड, शुक्रवारी, छोटी मस्जिद, सीएम शॉपिंग मॉल, नीलांजना चौक एवं बस स्टैंड में पैदल पेट्रोलिंग की गई। पेट्रोलिंग के दौरान यातायात व्यवस्था को सुगम बनाया गया तथा तेज आवाज वाले मॉडिफाइड सायलेंसर का प्रयोग कर ध्वनि प्रदूषण करने वाले 05 बुलेट तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 07 मोटरसाइकिल चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही करते हुए समन शुल्क वसूल किया गया।






## // कार्यालय सेनानी 8वीं वाहिनी विसबल छिन्दवाड़ा मध्यप्रदेश //

Email :- co8bn_saf@mppolice.gov.in

क्रमांक - 8वीं बटा./विसबल/सा.अ./ P-707-B/2026, छिंदवाड़ा — दिनांक 31/8/2026

### - : ई निविदा आमंत्रण सूचना :-

8वीं वाहिनी विसबल छिंदवाड़ा में वित्तीय वर्ष 2026-27 में लेखाशीर्ष मांग संख्या 003-2055 पुलिस 00-104-9999-4492-V-32-000 लघुनिर्माण कार्य मद के अतंर्गत प्राप्त आवंटन राशि से " सामग्री अध्यक्ष कार्यालय का निर्माण कार्य " ई-टेण्डर खुली निविदा के माध्यम से कराया जाना है। कार्य म.प्र. भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) की कण्डिकाओं में निहित खुली निविदा समय सारणी अनुसार किया जाना है। जिस हेतु निविदाएँ WWW.MPTENDERS.GOV.IN पर आमंत्रित की गई है। जिसकी जानकारी WWW.MPPOLICE.GOV.IN पर भी देखी जा सकती है। इच्छुक निविदाकर्ता कराये जाने वाला निर्माण कार्य इकाई में आकर देख सकते है। प्राप्त निविदॉए, इकाई में गठित समिति द्वारा दिनांक 23.09.2026 को 11:00 बजे खोली जावेंगी। कार्य का विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन अनुसार अनुमानित राशि (समस्त कर सहित) | निविदा शुल्क | धरोहर राशि ईएमडी | सम्पूर्ण कार्य की अवधि | निर्माण एजेंसी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | सामग्री अध्यक्ष कार्यालय का निर्माण कार्य। | 9,90,000.00 | 2,000.00 | 29,700.00 | 60 दिवस | इकाई द्वारा |

**समय सारणी-**

| क्र. | विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रकाशन दिनांक | 01.09.2026 के 11:00 बजे |
| 02 | निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 01.09.2026 के 11:00 बजे से |
| 03 | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 21.09.2026 के 18:00 बजे तक |
| 04 | निविदा खोलने की दिनांक एवं स्थान | 23.09.2026 को 11:00 बजे ( **कार्यालय 8वीं वाहिनी विसबल छिंदवाड़ा ( म.प्र. )** |

1. इच्छुक निविदाकर्ता वेबसाईट WWW.MPTENDERS.GOV.IN से निविदा करेंगे।
2. इकाई / मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अद्योसंरचना विकास निगम जबलपुर द्वारा तैयार किये गये स्टीमेट एवं स्ट्रक्चर प्लान अनुसार कार्य कराया जाना है। जिस हेतु तालिका क्रमांक 03 में अनुमानित प्राक्कलन राशि से अधिक दर पर निविदा स्वीकार नही की जावेंगी।
3. निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग / म.प्र. पु. हा. का. के पंजीकृत ठेकेदारो से ही कराया जाना है।
4. निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व कार्य स्थल एवं प्राकलन / स्टीमेट का निरीक्षण कर निविदा प्रस्तुत करें ताकि कार्य का सही आकलन किया जाकर निविदा प्रस्तुत की जा सकें। जिसकी जानकारी क्वार्टर मास्टर 8वीं वाहिनी विसबल छिंदवाड़ा कार्यालय से कार्यालयीन समय पर प्राप्त किया जा सकता है।
5. निविदा की विस्तृत जानकारी म.प्र. पुलिस की बेवसाईट WWW.MPPOLICE.GOV.IN पर देखी जा सकती है।

एवं निविदाएँ WWW.MPTENDERS.GOV.IN पर दिनांक 01.09.2026 से दिनांक 21.09.2026 तक आमंत्रित की गई है। जिसे दिनांक 23.09.2025 को समय 11:00 बजे खोला जावेंगा।

**सेनानी**
**8वीं वाहिनी विसबल छिन्दवाड़ा ( म.प्र. )**

G-18045/26



**बैठक** — प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की बैठक में लिए गये कई महत्वपूर्ण निर्णय

# निजी विद्यालयों की सुरक्षा, गुणवत्ता एवं संगठन विस्तार पर चर्चा

**सिवनी नवभारत।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक आशीर्वाद पैलेस, सिवनी में आयोजित हुई। निजी विद्यालयों के संचालक साथियों की गरिमामयी उपस्थिति में विद्यार्थियों की सुरक्षा, विद्यालय संचालन की गुणवत्ता, शिक्षकों के प्रशिक्षण, संगठन के विस्तार तथा निजी विद्यालयों की समस्याओं को शासन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में सर्वसम्मति से लिये गये निर्णय अंतर्गत विद्यार्थियों की सुरक्षा हेतु संस्था द्वारा ग्रीन कार्ड की व्यवस्था करना ताकि अभिभावक द्वारा बच्चे को विद्यालय से ले जाते समय अनिवार्यत: प्रस्तुत किया जा सके, विद्यालय प्रारंभ होने के पश्चात विषम परिस्थितियों में अभिभावक से चर्चा उपरांत ही विद्यार्थी की छुट्टी करना, विद्यालयों के सुचारु एवं गुणवत्तापूर्ण संचालन हेतु आवश्यक मानकों, व्यवस्थाओं एवं मूलभूत आवश्यकताओं पर विशेष प्रशिक्षण का आयोजन, निजी विद्यालय संचालन में आ रही समस्याओं को शासन के समक्ष रखना, विकासखंड एवं जिला स्तरीय कार्यकारिणी का पुर्नगठन करना, 10 सूत्रीय मांगों को लेकर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में जिले की सहभागिता, जिला कार्यकारणी में जिलाध्यक्ष, कार्यकारी जिलाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव प्रत्येक विकाखंड से 3 सदस्य को मिलाकर 65 सदस्यीय कार्यकारणी का गठन करना शमिल है। प्रदेश अध्यक्ष, शैलेष तिवारी के मुख्य आतिथ्य, कार्यकारी जिलाध्यक्ष नरेश सिंह राजपूत की अध्यक्षता में विधिक सलाहकार जनक तिवारी, कोषाध्यक्ष शिवकुमार हीरनखेड़े, घंसौर विकासखंड हीरालाल गोल्हानी, लखनादौन से शैलेन्द्र यादव, धनौरा से नरेश विश्वकर्मा, केवलारी से सुशील तिवारी, कुरई से सीमा गढ़पायले, बरघाट से भुवनेश्वर चौधरी, पवन पारधी एवं सिवनी ब्लॉक से दिनेश चैकसे, नीरज साहू, राजेश बघेल सहित आठों विकासखंड के संचालक साथियों की उपस्थिति रही।




#### 07 सितंबर से पूर्व कार्यकारिणी गठन का आव्हान

संचालक साथियों ने संगठन को मजबूत बनाने, आपसी समन्वय बढ़ाने तथा निजी विद्यालयों से जुड़े विषयों को एकजुट होकर प्रभावी ढंग से उठाने के लिए अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने का संकल्प व्यक्त किया। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जिला मीडिया प्रभारी शुभम सोनी द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार कार्यकारी जिलाध्यक्ष नरेश सिंह राजपूत ने सभी संचालक साथियों से अपने-अपने विकासखंड में होने वाली बैठकों में समस्त संचालकों की सहभागिता सुनिश्चित कर 7 सितंबर से पूर्व कार्यकारिणी का गठन करने का आव्हान किया है।